तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 11 जुलाई 2026

11 तीन माह से अंधेरे में देवार बस्ती के 15 परिवार


12 खरीफ सीजन में खाद की कमी से किसान परेशान




2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482, 81030 45003
Website : ssscn.ac.in

B.M. COLLEGE
BCA | BBA
PGDCA | B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर, डीजल मैकेनिक, फायर टेक्नालॉजी, स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923

# लगातार बारिश से महानदी परियोजना के जलाशयों में बढ़ा जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

महानदी परियोजना अंतर्गत गंगरेल, मुरूमसिल्ली, दुधावा एवं सोंढूर जलाशय में लगातार हो रही वर्षा के कारण जलस्तर और जलभराव में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। जल संसाधन विभाग द्वारा 9 जुलाई को जारी जलस्तर प्रतिवेदन के अनुसार चारों प्रमुख एवं मध्यम जलाशयों में जल आवक जारी है, जिससे सिंचाई एवं पेयजल व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## सिंचाई एवं पेयजल व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद



### जलाशयों की स्थिति पर सतत निगरानी

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि महानदी परियोजना के सभी प्रमुख जलाशयों में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। मानसून की सक्रियता बनी रहने पर आने वाले दिनों में जलभराव में और वृद्धि की संभावना है। विभाग द्वारा जलाशयों की स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा आवश्यकता के अनुसार जल प्रबंधन संबंधी निर्णय लिए जाएंगे।

रविशंकर सागर (गंगरेल) जलाशय का पूर्ण जलभराव स्तर (एफआरएल) 347.75 मीटर है। वर्तमान में जलाशय का जलस्तर 343.75 मीटर दर्ज किया गया है। जलाशय में लगभग 399.81 मिलियन घनमीटर (करीब 74.68 प्रतिशत) लाइव स्टोरेज उपलब्ध है। बीते 24 घंटे के दौरान जलाशय में लगातार आवक बनी रही, जिससे जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई। मुरूमसिल्ली जलाशय का वर्तमान जलस्तर 423.21 मीटर दर्ज किया गया है। जलाशय में लगभग 206.66 मिलियन घनमीटर (72.74 प्रतिशत) लाइव स्टोरेज उपलब्ध है। लगातार वर्षा के चलते जलाशय में जल की आवक बनी हुई है। दुधावा जलाशय का जलस्तर 1388.48 मीटर दर्ज किया गया है। यहां लगभग 137.98 मिलियन घनमीटर जल का संग्रह है तथा जलाशय में लगातार आवक जारी है। सोंढूर जलाशय का वर्तमान जलस्तर 468.30 मीटर दर्ज किया गया है। जलाशय में लगभग 137.89 मिलियन घनमीटर जल संग्रहित है और वर्षा के कारण इसमें भी निरंतर जल आवक हो रही है।

## सत्र शुरु होने के 25 दिन बाद भी अधिकांश स्कूलों में नहीं बंट पाई हैं किताबें

# 42 में से 34 संकुल पाठ्यपुस्तकों से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

शिक्षण सत्र 2026-27 को प्रारंभ हुए 25 दिन बीत गए हैं, लेकिन जिले के सरकारी स्कूलों में अब तक छात्रों को पाठयपुस्तकें नहीं मिल सकी हैं। कई स्कूलों में किताबों का वितरण अधूरा है जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इससे अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है। शासन के नियमों के अनुसार कक्षा 1 से 10वीं तक के सरकारी स्कूलों के छात्रों को निःशुल्क पाठयपुस्तकें उपलब्ध कराई जाती हैं ताकि सत्र शुरु होते ही पढ़ाई सुचारु रुप से शुरु हो सके। विडंबना है कि अब तक जिले के 34 संकुलों को पुस्तकें नहीं मिल पाई हैं।

उल्लेखनीय है कि युक्तियुक्तकरण के बाद जिले के 168 संकुल केंद्र अंतर्गत 543 प्राइमरी स्कूल, 370 माध्यमिक शाला, 57 हाईस्कूल तथा 111 हायर सेकेंडरी स्कूल है। स्कूलों में दर्ज संख्या के हिसाब से पुस्तकों का वितरण किया ▸▸ शेष पेज 11 पर



### शिक्षक संघ छात्रों के हित में नहीं उठाते आवाज

शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत पालक अशोक पटेल, मुकेश साहू, तुलाराम, परदेशीराम का कहना है कि निजी स्कूल संघ द्वारा पुस्तक वितरण में लेटलतीफी को लेकर कलेक्टोरेट घेराव और प्रदर्शन की चेतावनी के बाद लगभग सभी निजी स्कूलों को शासन ने पुस्तक उपलब्ध करा दी है लेकिन सरकारी स्कूलों के शिक्षक संघ सिर्फ अपने स्वार्थों को लेकर आंदोलन और हड़ताल करते हैं लेकिन विद्यार्थियों के हित से शिक्षक संघ को कोई मतलब नहीं है। शिक्षक संघ को ऐसे गंभीर मुद्दों पर भी आवाज बुलंद करनी चाहिए।

### जिले के 34 संकुलों तक नहीं पहुंची हैं किताबें

जिले में 168 संकुल हैं। धमतरी ब्लाक में 42, कुरूद में 40, मगरलोड में 30 तथा नगरी ब्लाक में 56 संकुल हैं जिसके अंतर्गत पहली से 10वीं तक 970 स्कूल है। जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सत्र 2025-26 में 83238 छात्र अध्ययनरत थे। सत्र 2026-27 में अभी तक स्कूलों में बच्चों की दर्ज संख्या अद्यतन नहीं हो पाई है। पुस्तक वितरण में सबसे अधिक प्रभावित धमतरी ब्लॉक है। यहां 42 संकुल में से 34 संकुल को पुस्तक नसीब नहीं हो पाई है। जबकि नगरी के 8 संकुल और कुरुद के 2 संकुल में किताबें नहीं पहुंची हैं। अधिकारियों का कहना है कि संकुलों के लिए पुस्तकें डिपो से जारी हो चुकी हैं।

### ब्लॉक स्तर पर पुस्तक वितरण की स्थिति

धमतरी ब्लॉक के हाईस्कूल के लिए 35787 पुस्तकें प्राप्त हो चुकी हैं जिसमें से 33986 पुस्तकों का वितरण किया जा चुका है। इसी तरह कुरूद हाईस्कूल के लिए 40931 पुस्तकें प्राप्त हुईं जिसमें से 37173 का वितरण, मगरलोड ब्लॉक के लिए 21854 पुस्तकें पहुंची है और सभी का वितरण किया जा चुका है। नगरी ब्लॉक में 34114 पुस्तकों में से 21692 पुस्तकों का वितरण किया गया है। संकुल स्तर पर पहली से आठवीं कक्षा के लिए धमतरी ब्लाक में 16358 पुस्तकों में 15286, कुरुद में 76877 पुस्तकों में से 76150, मगरलोड में 51410 पुस्तकों में से 51358 पुस्तकों का वितरण किया जा चुका है। बताया गया है कि जुलाई माह तक शेष सभी पुस्तकों का वितरण कर लिया जाएगा।

# हत्या का प्रयास : आरोपी को 7 साल का सश्रम कारावास

- बेन्द्रानवागांव में जमीन विवाद को लेकर युवक पर आरीनुमा हथियार से किया था हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी



एक वर्ष पहले जमीन विवाद को लेकर आरीनुमा हथियार से हमला कर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को रूद्री पुलिस द्वारा संकलित ठोस सबूत व प्रभावी अनुसंधान के आधार पर न्यायालय ने 7 साल के सश्रम कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

पुलिस के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम बेन्द्रानवागांव निवासी निरंजर ढीमर ने 14 नवंबर 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि जमीन विवाद को लेकर सुरेन्द्र कुमार ध्रुव ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे अपने पास रखे लकड़ी काटने वाले लोहे के आरीनुमा हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में उसके बाएं हाथ में गंभीर चोट लगी है। शिकायत पर रूद्री पुलिस ने धारा 296, 351-2, 118-2, 109 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर ▸▸ शेष पेज 11 पर

### आरोपी को मिली कठोर सजा

इस प्रकरण में विवेचनाधिकारी एसआई अमित बघेल एवं एएसआई भीष्म अवस्थी द्वारा अत्यंत सूक्ष्मता एवं निष्पक्षता से विवेचना की गई। उनके द्वारा संकलित मजबूत साक्ष्यों एंव प्रभावी अनुसंधान के आधार पर न्यायालय में आरोपी पर दोष सिद्ध होना पाया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी सुरेन्द्र कुमार ध्रुव पिता श्रीराम उम्र 39 वर्ष ग्राम बेन्द्रानवागांव थाना रूद्री निवासी को 7 साल की कठोर सजा एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## खबर संक्षेप

### रोजगार कार्यालय में 13 को प्लेसमेंट कैम्प



**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी में 13 जुलाई को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सुबह 11 से शाम 4 बजे तक कम्पोजिट भवन स्थित रोजगार कार्यालय में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा असिस्टेंट मैनेजर ट्रेनी, फार्मासिस्ट असिस्टेंट, सिक्युरिटी गार्ड, सुपरवाईजर, असिस्टेंट सुपरवाईजर, मार्केटिंग एक्जीकेटिव एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के कुल 182 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा।

### चक्कर आने के बाद अधेड़ कूलर से टकराया, मौत

**धमतरी।** चलते समय अचानक चक्कर आ जाने से अधेड़ कूलर से टकराते हुए जमीन पर गिर गया। इस घटना में अधेड़ की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार स्थानीय विंध्यवासिनी वार्ड निवासी शीतल कुमार पिता बुधारु उम्र 50 वर्ष घर पर रहता था। वह रोजाना शराब का सेवन करता था। शुक्रवार की सुबह अधेड़ बिस्तर से उठकर पानी पीने के लिए जा रहा था। इस दौरान उसे अचानक चक्कर आ गया। चक्कर आने से गिरते समय अधेड़ का सिर कूलर से टकरा गया। उसके सिर में चोट लगी थी। इस घटना में अधेड़ बेहोश हो गया। परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए नामांकन 27 तक

**धमतरी।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक व्यक्ति, संस्थाएं एवं पात्र संगठन निर्धारित अवधि के भीतर अपना नामांकन ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण विभाग धमतरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार नामांकन की प्रक्रिया 1 जून से 27 जुलाई तक संचालित की जा रही है। इच्छुक आवेदक भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन नामांकन कर सकते हैं। विभागीय अधिकारी ने बताया कि नामांकन के साथ आवश्यक दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपलोड करना अनिवार्य होगा।

# एजेंसियों के दुरुपयोग के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

- प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी





केंद्रीय और राज्य की जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता राजीव भवन से रैली निकालते हुए नारेबाजी करते हुए गांधी मैदान पहुंचे, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया गया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हल्की झूमा-झटकी भी हुई, लेकिन कार्यकर्ता पुतला जलाने में सफल रहे।

प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार राजनीतिक द्वेष की भावना से काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसियों ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग तथा राज्य की ईओडब्ल्यू और एसीबी जैसी एजेंसियों का उपयोग कांग्रेस नेताओं को प्रताड़ित करने और पार्टी की छवि धूमिल करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल की गिरफ्तारी इसी का उदाहरण है।

पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि प्रदेश और देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दबाव बनाया जा रहा है। स्वतंत्र जांच एजेंसियां निष्पक्षता से कार्य करने के बजाय राजनीतिक प्रभाव में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि रामगोपाल अग्रवाल ने जांच में सहयोग की बात कही थी, फिर भी उनके स्वास्थ्य की अनदेखी करते हुए कार्रवाई की गई।

पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी और शरद लोहाना ने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने नेताओं के साथ मजबूती से खड़ा है। यह कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध का हिस्सा है। पूर्व महापौर विजय देवांगन और पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर ने आरोप लगाया कि जब भी भाजपा सरकार जनहित के मुद्दों पर घिरती है, तब कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी जाती है।

पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार और जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर ने कहा कि यह आंदोलन केवल एक नेता की गिरफ्तारी के विरोध तक सीमित नहीं है, ▸▸ शेष पेज 11 पर

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444



खबर संक्षेप



## पंडवानी की पर्याय थीं तीजनबाई

■ संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति ने दी श्रद्धांजलि

**मगरलोड।** प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई के निधन से पूरे छत्तीसगढ़ में शोक की लहर है। संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति मगरलोड के पदाधिकारी और सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। वरिष्ठ साहित्यकार पुनूराम साहू ने कहा कि गांव की चौपाल से लेकर विश्व मंच तक तमूरे की तान करने वाली तीजन बाई पंडवानी गायन कला की पर्याय थीं। छत्तीसगढ़ के गांव-गांव से लेकर भारत के विभिन्न राज्यों सहित विश्व में पंडवानी गायन का कला का प्रदर्शन कर संसार में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर मान बढ़ाया है। तीजन बाई अपनी अद्वितीय कला प्रतिभा की बदौलत पद्मश्री ,पद्म विभूषण जैसे देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से विभूषित हुई हैं। वरिष्ठ साहित्यकार जेआर साहू, वीरेंद्र सरल, आत्माराम साहू, लालेश्वर सिन्हा, चिंताराम पुजारी, एनआर साहू, पल्टनराम साहू, अशोक कुमार साहू, अनीता गौर, उषा किरण निर्मलकर, भोलाराम सिन्हा, भोपालमणि साहू, चंद्रहास बघेल, भोला कुर्रे, कामताप्रसाद साहू, संतूराम साहू, पुरुषोत्तम मारकंडे ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# 31 स्कूली बालिकाओं को लगाया गया एचपीवी टीका

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश एवं डॉ यूएल कौशिक सीएमएचओ के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा इंडियन मेडिकल एसोसिएशन धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में सिविल अस्पताल बोराई में विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य दूरस्थ अंचल के नागरिकों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं उनके निकट उपलब्ध कराना तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना था। शिविर में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. सुधीर चटर्जी, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. वर्षा जैन, जनरल सर्जन डॉ. विभोर नंदा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष खालसा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष अग्रवाल तथा अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. संगम लुंकड़ द्वारा मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में डॉ नरेन्द्र, डॉ देविका, डॉ मिथलेश, डॉ रेणुका संजीव साहू आरएमए सहित चिरायु दल के सदस्यों, स्थानीय मितानिन एवं सरपंच का विशेष सहयोग रहा। डॉ. डीएन सोम बीएमओ नगरी ने आभार व्यक्त किया।

### विशेष चिकित्सा शिविर में 243 मरीजों ने लिया लाभ



#### नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने की दी सलाह

छात्राओं एवं अभिभावकों को टीकाकरण के महत्व एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने नागरिकों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने, संतुलित आहार अपनाने, स्वच्छता बनाए रखने तथा किसी भी बीमारी के प्रारंभिक लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी।

#### एचपीवी से होगी सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम

बीपीएम हितेंद्र साहू ने बताया कि शिविर में कुल 243 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। इनमें 47 स्त्री रोग, 35 नेत्र रोग, 41 मेडिसिन, 51 जनरल सर्जरी, 39 शिशु रोग तथा 21 हड्डी रोग के मरीज शामिल रहे। सभी मरीजों को आवश्यकतानुसार चिकित्सकीय परामर्श, जांच की सुविधा एवं उपलब्धता अनुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर के दौरान 31 स्कूली बालिकाओं को एचपीवी टीका भी लगाया गया। यह टीकाकरण गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की रोकथाम की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### पुस्तकालय के लिए 11 हजार रुपए की पुस्तक का दान देने की घोषणा

# एसपी ने विद्यार्थियों को दिया राष्ट्र निर्माण का संदेश

■ सिंगपुर शाला में प्रवेशोत्सव के साथ स्मार्ट बोर्ड का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिंगपुर में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पालकों को शिक्षा, संस्कार, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण का प्रेरक संदेश दिया।

अपने संबोधन में एसपी श्री परिहार ने कहा कि आज के विद्यार्थी ही विकसित भारत के भविष्य और राष्ट्र के वास्तविक कर्णधार हैं। उन्होंने कहा कि गुरु ही विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और भविष्य के निर्माता हैं, इसलिए प्रत्येक छात्र को अपने गुरुजनों का सम्मान करते हुए उनके मार्गदर्शन में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके जीवन के लक्ष्य भी पूछे। कई विद्यार्थियों ने प्रशासनिक अधिकारी, चिकित्सक, शिक्षक, इंजीनियर और पुलिस अधिकारी बनने की इच्छा व्यक्त की, जिस पर एसपी ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इन्हीं बच्चों में भविष्य के आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर और अन्य उत्कृष्ट अधिकारी तैयार होंगे।

कार्यक्रम के दौरान एसपी ने भारतीय संस्कृति से जुड़े ऋण विषय पर प्रश्न पूछकर उपस्थितजनों से संवाद किया। ग्राम अंजोरा की गायत्री सिन्हा ने देव ऋण, मातृ-पितृ ऋण एवं गुरु ऋषि ऋण का सही उत्तर देकर सम्मान प्राप्त किया। इस अवसर पर एसपी ने राष्ट्र ऋण की अवधारणा पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को ईमानदारी, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के माध्यम से अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने समाज में वाद-विवाद के स्थान पर संवाद की संस्कृति अपनाने का भी आह्वान किया।

एसपी परिहार ने विद्यालय में स्थापित स्मार्ट बोर्ड (टीवी पैनल) का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल शिक्षा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीक आधारित अध्ययन का अवसर प्रदान करेगी। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीपी चंद्रा के प्रयास की सराहना करते हुए विद्यालय पुस्तकालय के लिए 11 हजार रुपये मूल्य की उत्कृष्ट पुस्तकों का दान देने की घोषणा की।

उन्होंने समाजसेवी श्रीमती खेमन बाई के शिक्षा एवं समाजसेवा में योगदान की भी सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित करने की घोषणा की। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर डॉ. कल्पना ध्रुव, सरपंच लोमेश्वर साहू, थाना प्रभारी मगरलोड प्रमोद अमलतास, विद्या भारती के पदाधिकारी विवेक सक्सेना एवं लक्ष्मणराव, शिक्षकगण, पालकगण, ग्राम संगठन की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### अनाथालय के बच्चों को बांटी कॉपियां और पेन



**धमतरी।** समाजसेवी श्रीमती संगीता कमलेश संचेती ने बुधवार को अपनी शादी की सालगिरह के अवसर पर हिंदू अनाथालय, धमतरी के बच्चों के साथ खुशियां साझा कीं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कॉपियां और पेन वितरित किए। इस पहल से बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। यह कार्यक्रम हेल्प टू बेनिफिट अदरर्स लेट्स मेक का चेंज ग्रुप के माध्यम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के सदस्य आलोक राखेचा और गौरव लोहाना विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने संचेती परिवार की इस संवेदनशील और प्रेरणादायक पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

### बस स्टैंड में यात्री प्रतीक्षालय निर्माण का भूमिपूजन



**नगरी।** ग्राम पंचायत डोंगरडुला में ग्रामीणों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 15वें वित्त आयोग की राशि से 3.50 लाख रुपये की लागत से बस स्टैंड परिसर में यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच स्मृति नेताम ने कहा कि यात्री प्रतीक्षालय के निर्माण से ग्रामीणों एवं यात्रियों को बस की प्रतीक्षा के दौरान धूप, बारिश और अन्य मौसम संबंधी परेशानियों से राहत मिलेगी। यह निर्माण कार्य गांव की आवश्यक सुविधाओं के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मौके पर ग्राम पटेल रघु यादव, ग्राम व्यवस्था समिति के अध्यक्ष जीवन बघेल, पंच प्रताप साहू, अनराज साहू, सचिव जोहर मरकाम, टुकेश्वर साहू, पुरानिक नेताम, नरेन्द्र साहू, रघुवीर साहू, अनिल साहू, देवा साहू, कल्लू सेन, ललित ध्रुव, संतोष चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत



**नगरी।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल बेलरगांव में प्रवेश उत्सव का आयोजन हुआ। इस अवसर पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प देकर आत्मीय स्वागत किया गया। बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित कर नियमित रूप से विद्यालय आने तथा मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने तथा संस्कारयुक्त शिक्षा के महत्व को समझने का आग्रह किया। मौके पर भामाशाह शिक्षण समिति के अध्यक्ष दुर्गेश कश्यप, जगेन्द्र प्रजापति उपाध्यक्ष, गजेंद्र कुभंकर कोषाध्यक्ष, दिलीप पटेल सचिव, नारद साहू सहसचिव, पूर्व अध्यक्ष हरिराम साहू, संरक्षक नरोत्तम साहू, उमेंद मरकाम, आसकरण पटेल, मनोज साहू, हरिराम जुर्री, गोलू पटेल, अशोक कुमार साहू, अविनाश भारती समेत प्राचार्य व स्टाफ मौजूद था।

# क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन

■ नगरी में जिलास्तरीय शालेय फुटबॉल चयन प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



शालेय खेलकूद अंतर्गत फुटबॉल बालक वर्ग अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 की जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता शासकीय श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल नगरी के खेल मैदान में हुई। प्रतियोगिता में धमतरी, नगरी, कुरूद एवं मगरलोड विकासखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। खेल प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन क्षेत्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। अंडर-14 वर्ग में मयंक साहू ने बेहतरीन गोलकीपिंग का प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। चयनित खिलाड़ी अब कसडोल, बलौदाबाजार में आयोजित होने वाली क्षेत्रीय स्तरीय चयन प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी के. आर. साहू एवं जिला स्तरीय शालेय फुटबॉल खेल संयोजक प्राचार्य एस. के. प्रजापति के मार्गदर्शन में हुआ।

इस अवसर पर विकासखंड खेल प्रभारी नगरी खेमराज साहू, धमतरी विकासखंड प्रभारी खिलेंद्र साहू, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक थॉमस पाल, अशोक गजबल्ला, खोमन सहारे, गिरीश गजपाल, मनीष बंजारे, भाव सिंह बंजारे, संदीप सिन्हा, शमूएल मसीह, योगेश ध्रुवे, ताराचंद साहू, कमलेश साहू, अनिरुद्ध निर्मलकर, जितेश निषाद, कमल साहू, धनेंद्र शोरी, होमेश्वरी साहू, गोपिका बारिक, लक्ष्मी ध्रुव सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।

# कुरूद कालेज में बीपीएड प्रवेश शुरू, 11 तक जमा करें दस्तावेज़

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरुद में बी.पी.एड. कक्षा सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण तिथियों और दिशा निर्देशों की घोषणा कर दी गई है। प्राचार्य डॉ. ए. के. मिश्रा एवं शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. ओमजी गुप्ता ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया की समय-सारणी निम्नानुसार तय की गई है।11 जुलाई 2026 (शाम 5 बजे तक) छात्रों के लिए ऑनलाइन फॉर्म की हार्ड कॉपी एवं स्व-प्रमाणित प्रमाण पत्रों की फोटो कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि। (जिन छात्रों ने केवल हार्ड कॉपी जमा की है और प्रमाण पत्र नहीं दिए हैं, वे भी इस तिथि तक जमा कर सकते हैं)। 13 जुलाई (शाम 5 बजे तक) प्राप्त आवेदनों के आधार पर पात्र एवं अपात्र छात्रों की सूची जारी की जाएगी। 16 जुलाई (शाम 5 बजे तक) सूची पर दावा-आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि। इसके बाद कोई भी प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा। 17 जुलाई (शाम 5 बजे तक) दावा-आपत्ति के निराकरण के बाद अंतिम सूची का प्रकाशन। 18 जुलाई (प्रातः 8 बजे से) पात्र छात्रों का अनिवार्य शारीरिक परीक्षण। इसी दिन शारीरिक दक्षता परीक्षा के बाद लिखित प्रवेश परीक्षा का समय सूचित कर परीक्षा आयोजित की जाएगी। 20 जुलाई (शाम 5 बजे तक) शारीरिक व लिखित परीक्षा के आधार पर वर्गवार प्रावीण्य (मेरिट) सूची जारी होगी। 22 जुलाई (शाम 5 बजे तक) शिक्षण शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि। 22 जुलाई नियमित बी.पी.एड. सेमेस्टर-1 की कक्षाएं प्रातः 06:30 बजे से आरंभ हो जाएंगी। परीक्षार्थियों का दस्तावेज़ एवं खेल प्रमाण पत्र, दावा-आपत्ति के दौरान खेल प्रमाण पत्र छग उच्च शिक्षा विभाग के नियमानुसार प्रमाणित होना अनिवार्य है। शारीरिक परीक्षण के दिन निर्धारित प्रपत्र में चिकित्सा प्रमाण पत्र की मूलप्रति लाना अनिवार्य है। 18 जुलाई को होने वाले शारीरिक परीक्षण में छात्रों को उपयुक्त खेल गणवेश में उपस्थित होना होगा। अभ्यर्थियों को अपने भोजन, यात्रा एवं दैनिक भत्ते की व्यवस्था स्वयं करनी होगी, महाविद्यालय द्वारा कोई भत्ता देय नहीं होगा। प्रवेश प्रक्रिया से जुड़ी अधिक व विस्तृत जानकारी के लिए छात्र कालेज की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

न्यायालय में उपस्थिति के लिए समंस आदेश 05 नियम 20 व्यवहार प्रकिया संहिता के अंतर्गत)
न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद
जिला धमतरी (छ.ग.)

पूजा वगैरह .....वादिनीगण
बनाम
देवहुति यादव वगैरह ...प्रतिवादीगण
व्य.वा.क्र. 151 अ / 2026 पेशी दिनांक 20/07/2026
प्रो.क्र. 1116/2026

प्रति,
देवहुति यादव वगैरह,
चूंकि वादिनीगण के द्वारा आप प्रतिवादी देवहुति यादव वगैरह के विरूध्द ग्राम- बिरझुली, प.ह.न. 29, रा.नि.मं.- मोहंदी तहसील मगरलोड, जिला धमतरी (छ.ग.) में स्थित खाता क्रमांक 151 ऋण पुस्तिका क्रमांक 0967835 के कृषि भूमि खसरा नम्बर क्रमशः 125/2, 133, 135, 139, 166/2, 181/2 रकबा 0.4400, 0.2000, 0.0600 0.1300, 0.0800, 0.0200 हे. कुल खसरा 06 कुल रकबा 0.9300 हे. राजस्व अभिलेख में प्रचलित नाम पुनावती पिता नंदकुमार, तनुजा पिता नंदकुमार व शकुनतला पति नंदकुमार के नाम पर हल्का पटवारी द्वारा त्रुटिवश इन्द्राज कर दिया गया है, जबकि वादिनीगण का वास्तविक नाम पूजा, तारा यादव, शकुन यादव है, जिस कारण वादिनीगण को कृषि में तरक्की हेतु खाद-बीज तथा छ.ग. शासन से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित होने के संदर्भ को लेकर इस न्यायालय में पूजा व पुनावती, तारा यादव व तनुजा एवं शकुन यादव व शकुनतला दोनो एक ही व्यक्ति के नाम है, तथा राजस्व अभिलेख में पुनावती, तनुजा, शकुनतला को विलोपित कर पूजा, तारा यादव, शकुन यादव दर्ज करने की घोषणा का वाद संस्थित किया है, इस कारण आम जनता वगैरह जिसको आपत्ति हो, इस न्यायालय में दिनांक 20/07/2026 को सुबह 11:00 बजे दावा का उत्तर देने उपस्थित होने के लिए समंस जारी किया जाता है। आप देवहुति यादव वगैरह इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध मे अनुदेश दिये गये हो, जो इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके। अतः आप देवहुति यादव वगैरह / प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि, यदि आप उपर वर्णित की गई तारीख को इस न्यायालय मे उपस्थित नही होगें तो, वाद की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति मे किया जावेगा, पेशी तारीख में अवकाश घोषित होने पर प्रकरण आगामी कार्य दिवस पर लिया जावेगा। आज दिनांक 07/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

मुहर
(रजत कुमार निराला)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद
जिला धमतरी (छ.ग.)

# नई दिल्ली में कृषि, भूमि एवं जल प्रबंधन की नई नीतियों पर राष्ट्रीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



■ धमतरी विधायक दिल्ली की कार्यशाला में शामिल

धमतरी विधायक ओंकार साहू ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला : कृषि, भूमि एवं जल में सहभागिता कर कृषि, भूमि सुधार, जल संसाधन प्रबंधन तथा ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर आयोजित तकनीकी सत्रों में भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य छत्तीसगढ़, जम्मू- कश्मीर, झारखंड समेत सभी राज्यों के जनप्रतिनिधियों को कृषि क्षेत्र की नई चुनौतियों, भूमि प्रशासन एवं सुधार, जल संसाधनों के सतत प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, टिकाऊ कृषि प्रणाली, कृषि विपणन, किसानों की आय वृद्धि, सहकारी संस्थाओं की भूमिका तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों के अनुभवों और नवीन नीतिगत दृष्टिकोण से अवगत कराना था। कार्यशाला के दौरान कृषि अर्थव्यवस्था, भूमि अभिलेख एवं भूमि बाज़ार सुधार, ग्रामीण संस्थाओं को सशक्त बनाने, जल संरक्षण, सिंचाई दक्षता, जल उपयोग प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण, जलवायु अनुकूल कृषि, पौध आनुवंशिक संसाधनों का संरक्षण, आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी, स्वस्थ मृदा, टिकाऊ खाद्य प्रणाली तथा वर्ष 2047 तक भारत के कृषि एवं ग्रामीण विकास के दीर्घकालिक विज़न जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। विभिन्न राज्यों के सफल अनुभवों और नवाचारों को साझा करते हुए जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर भी विचार-विमर्श किया गया। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि धमतरी एक कृषि प्रधान विधानसभा क्षेत्र है, इसलिए किसानों की आय बढ़ाने, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, जल संरक्षण को बढ़ावा देने तथा आधुनिक और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने की दिशा में इस कार्यशाला से प्राप्त अनुभव अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि यहां प्राप्त सुझावों का उपयोग धमतरी विधानसभा क्षेत्र में किसानों के हित में योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने तथा कृषि एवं ग्रामीण विकास को नई गति देने के लिए किया जाएगा।



## महिला एवं बाल विकास मंत्री से आंगनबाड़ी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरी

सभापति जनपद सदस्य प्रतिनिधि एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष पालनहार दिली ने अपने क्षेत्र क्रमांक 09 के ग्राम पंचायत, छाती,पुरी काशीपुरी, उड़ेना हेतु नवीन आंगनबाड़ी की मांग को लेकर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े से मुलाकात की। इस पर श्रीमती राजवाड़े ने नवीन आंगनबाड़ी बनाने का आश्वासन दिया है।

### जय मां लक्ष्मी महिला समूह बनी हरित परिवर्तन की मिसाल

# भीषण गर्मी में भी लहलहाए 500 पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना वुमन फॉर ट्री अभियान और अमृत 2.0 मिशन अंतर्गत नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदों, निकाय के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा भाटापारा गोठान वार्ड क्रमांक 09 के पास 500 फलदार, औषधि पौधों का रोपण जय मां लक्ष्मी महिला स्व-सहायता समूह की देखरेख में किया गया था। स्व-सहायता समूह द्वारा 500 पौधों का संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य किया जा रहा है। यह परियोजना लगभग 1 वर्ष पूर्व स्वीकृत हुई थी तथा भीषण गर्मी के बावजूद आज स्व- सहायता समूह के अथक परिश्रम और नगर पंचायत के सहयोग से 500 पौधे लहलहा रहे हैं।

नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी की अध्यक्ष लीलेश साहू ने कहा कि नगर पंचायत मगरलोड, भैंसमुंडी में अमृत 2.0 मिशन और वुमन फॉर ट्री अभियान के तहत किया गया पौधरोपण कार्य न केवल सफल रहा है, बल्कि आज एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है। जय मां लक्ष्मी महिला स्व-सहायता समूह के अथक परिश्रम और नगर पंचायत के सक्रिय सहयोग से भीषण गर्मी के बावजूद 500 फलदार एवं औषधि पौधों का सफलतापूर्वक संरक्षण और संवर्धन वास्तव में सराहनीय है। किसी भी पौधरोपण अभियान की सफलता केवल पौधे लगाने में नहीं, बल्कि उनके जीवित रहने और फलने-फूलने में होती है, जिसे इन महिलाओं ने अपनी मेहनत से सिद्ध कर दिया है।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जोनामगांव - 95754-57523, आंवरी - 97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### सरदार पटेल की जयंती पर जनजागरूकता अभियान

**कांकेर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के तहत शुक्रवार को भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फरसकोट स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख ने साइबर अपराध, यातायात नियम, गुड टच-बैड टच, नशामुक्ति, मानव तस्करी से बचाव, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा नए आपराधिक कानूनों की जानकारी दी।

## पेज 9 का शेष

### 42 में से 34 संकुल पाठ्यपुस्तकों से वंचित

जाना है। पहली और दूसरी कक्षा के प्रत्येक छात्र को 3-3 पुस्तक, तीसरी और चौथी के छात्रों को 7-7 पुस्तक, पांचवीं के छात्र को 6 पुस्तक, 6वीं के छात्र को 9 पुस्तक, 7वीं के छात्र को 10 पुस्तक, 8वीं के छात्र को 11 पुस्तक, 9वीं के छात्र को 7 पुस्तक तथा 10वीं के छात्र को 6 पुस्तकों का वितरण किया जाना है।

### हत्या का प्रयास : आरोपी को 7 साल का सश्रम ...

आरोपी सुरेन्द्र कुमार ध्रुव को तत्काल गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया था।

एसपी सूरज सिंह परिहार ने प्रकरण की उत्कृष्ट विवेचना एवं प्रभावी साक्ष्य संकलन के लिए विवेचनाधिकारी एसआई अमित बघेल एवं एएसआई भीष्म अवस्थी को नकद पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है।

### एजेंसियों के दुरुपयोग के विरोध में कांग्रेस ने ...

बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की रक्षा का संघर्ष है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से निष्पक्षता बनाए रखने की अपील भी की। संगठन महामंत्री अरविंद दोशी, ब्लॉक अध्यक्ष योगेश शर्मा और गौतम वाधवानी ने कहा कि यदि कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कथित प्रताड़ना बंद नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने सरकार पर विकास के मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया।

प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष सूर्याराव पवार, सलीम रोकड़िया, नरेश जसूजा, जिला महामंत्री आकाश गोलछा, नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद सिन्हा, उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, पार्षद सुमन मेश्राम, पूर्णिमा रजक, राजेन्द्र देवांगन, जिला सचिव खिलेंद्र साहू, राजेश पांडे, बिसौहा राम साहू, सलीम तिगाला, चंदन रजक, चंद्रहास साहू, अयूब खान, गीतराम सिन्हा, शैलेंद्र दीवान, ऋषभ ठाकुर, कन्हैया सोनी, देवेन्द्र देवांगन, नवीन गजेंद्र, मोहन ध्रुव, गोपाल कामड़े, भागी ध्रुव, गजानंद रजक, एमन साहू, अजय डहरिया, यश राजपूत, अविनाश मारोठे, संजू साहू, नमन बंजारे, रजत सोनकर, हेमंत सेन, अजय सिन्हा, सूरज पासवान, राजेन्द्र पुजारी, श्रवण बघेल, प्रवीण कश्यप, रामकुमार सरोज, दुर्गेश समुन्द्र, गीतेश्वरी सिन्हा, यशवंत पटेल, लक्ष्मीकांत साहू, रियाज अहमद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार को लेकर बनी कार्य योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विगत दिनों अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन शंकरदाह में धमतरी विकासखंड के संकुल समन्वयकों की एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य वर्ष 2025-26 के अनुभवों के आधार पर वर्ष 2026-27 के लिए संकुल विकास योजना तैयार करना तथा संकुल समन्वयकों की शैक्षणिक नेतृत्व क्षमता को सशक्त बनाना था। भुनेश्वर साहू संकुल समन्वयक डॉ. शोभाराम देवांगन, हेमंत सोनकर संकुल समन्वयक बिरेतरा, लोमप्रकाश सोनवानी संकुल समन्वयक छाती एवं श्रीमती मालती साहू संकुल समन्वयक अछोटा ने अपने संकुल में किए गए बेहतर कार्यों को व आगामी योजना को प्रस्तुत किया। इनके प्रस्तुतिकरण को ध्यान में रखते हुए त्रैमासिक संकुल विकास योजना बनाने पर चर्चा करते हुए सभी संकुल समन्वयकों को अपने-अपने संकुल की संकुल विकास योजना तैयार करने को कहा गया।

इस अवसर पर धमतरी बीईओ लीलाधार चौधरी एवं विकासखंड स्रोत

**अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन में धमतरी विखं के संकुल समन्वयकों की हुई कार्यशाला**



समन्वयक ललित कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में प्राप्त सीख को फील्ड स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करना ही इसकी वास्तविक सफलता होगी। उन्होंने सभी संकुल समन्वयकों से शाला विकास योजना, नियमित कक्षा अवलोकन, अकादमिक संकुल बैठकों एवं सतत शैक्षणिक सहयोग के माध्यम से विद्यालयों में बच्चों के सीखने की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करने का आग्रह किया ताकि शत-प्रतिशत बच्चों में एफएलएन प्राप्ति को सुनिश्चित किया जा सके।

### बिजली-पानी के लिए अवैश हाशमी के साथ पहुंचे कलेक्ट्रेट

# तीन माह से अंधेरे में देवार बस्ती के 15 परिवार

- बारिश के मौसम में सांप बिच्छू का सता रहा डर
- अधूरे बने बहुमंजिला पीएम आवास को जल्द बनाने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



धमतरी में बड़ी रेल लाइन के आने को सभी ने विकास की सौगात माना। स्टेशनपारा की झुग्गी-झोपड़ी बस्ती ने भी इसका कभी विरोध नहीं किया। उल्टा तत्कालीन पार्षद अवैश हाशमी के साथ जाकर जनप्रतिनिधियों को गुलदस्ता भेंट किया। अवैश हाशमी व वार्डवासियों की बस एक ही मांग थी कि घर उजाड़ रहे हैं तो व्यवस्थापन किया जाए। आज ब्रॉडगेज का काम पूरा होने को है, लेकिन बहुमंजिला पीएम आवास में 287 मकानों की स्वीकृति के बाद भी स्टेशनपारा और देवार बस्ती के लोग 2-3 साल से अधूरे मकानों में मूलभूत सुविधाओं के बिना जीने को मजबूर हैं। न पानी ठीक से मिल रहा न अन्य सुविधा। बिजली का अस्थायी कनेक्शन मिला है जिसमें बिल अधिक आता है। इधर महिमा सागर वार्ड की देवार बस्ती के करीब 15 परिवार पिछले 2 से 3 महीने से बिजली के लिए भटक रहे हैं। लोगों का कहना है कि गर्मी में पंखे के बिना रात काटना मुश्किल था। अब बारिश शुरू होते ही सांप-बिच्छू का डर सता रहा है। अंधेरे में बच्चे-बुजुर्गों की सुरक्षा सबसे बड़ी चिंता है।

रेलवे कार्रवाई के पहले तत्कालीन पार्षद अवैश हाशमी, पूर्व पार्षद नकछेड़ राम जगबेड़हा, गीता जगबेड़हा और बस्तीवासियों ने मिलकर लगातार संघर्ष किया। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, पूर्व रेल मंत्री पीयूष गोयल और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भी मुलाकात कर व्यवस्थापन की मांग रखी। इसके बाद स्टेशनपारा वासियों के लिए 287 मकान स्वीकृत हुए और निर्माण शुरू हुआ लेकिन लॉकडाउन में काम अधूरा रह गया और ठेकेदार ने काम बंद कर दिया। मजबूरी में लोग उसी अधूरे बने बहुमंजिला मकान में रहने लगे। आज ढाई साल बीत गए, लेकिन न पानी की समुचित व्यवस्था है, न बिजली, न सड़क।

**जनदर्शन में रखी मांग, अपर कलेक्टर ने दिए निर्देश**

समस्या को लेकर पूर्व पार्षद अवैश हाशमी के साथ देवार बस्ती के लोग कलेक्ट्रेट जनदर्शन पहुंचे। उन्होंने अपर कलेक्टर से मांग की कि महिमा सागर वार्ड के जैविक खाद रोड में नगर निगम द्वारा अधूरा बनाए गए बहुमंजिला पीएम आवास को सर्व सुविधायुक्त जल्द पूरा कराया जाए। जो लोग जहां रह रहे हैं, उन्हें वहीं एलाटमेंट दिया जाए। बस्ती में मूलभूत सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं। देवार बस्ती के लगभग 15 परिवारों को तत्काल बिजली कनेक्शन दिलवाया जाए। अपर कलेक्टर ने सभी की पीड़ा गंभीरता से सुनी। आवेदन पत्र पर टिप्पणी कर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

# सोलर पैनल में धांधली, उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला

- तीन किलोवाट के बदले 2.725 किलो वाट का पैनल लगाने का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में खूब धांधली हो रही है। ऐसा ही एक मामला उपभोक्ता फोरम पहुंचा, जहां 3 किलोवाट के बदले 2.725 किलोवाट का सोलर पैनल लगाया गया, जिसमें जिला उपभोक्ता फोरम ने परिवादी के पक्ष में फैसला दिया है। उपभोक्ता आयोग से मिली जानकारी के अनुसार भखारा तहसील के ग्राम गुजरा निवासी डामेश गंगबेर 42 वर्ष ने टैक्स इनवाईस व्हीएसपी एसोसिएशन को 3 किलोवाट का बिजली कनेक्शन लगाने का आवेदन दिया था। इसके लिए कंपनी ने 196020 रुपए की पावती दी। इससे बिजली विभाग से 3 किलोवाट की अनुमति प्राप्त हुई।

परिवादी ने 196020 रुपये बैंक एवं फोन पे के माध्यम से जमा किए। दिसंबर 2025 को कंपनी से आनलाइन जानकारी मिली कि 3 किलोवाट की जगह 2.725 किलोवाट का सोलर पैनल लगा दिया है। जिससे परिवादी को बिजली की जितनी आवश्यकता थी, वह प्राप्त नहीं हो रही है।

कंपनी के एजेंट एवं विज्ञापन में दर्शाए अनुसार 3 किलोवाट की संपूर्ण राशि प्राप्त कर मात्र 2.725 किलोवाट का पैनल लगा दिया है जो सेवा में कमी है। परिवादी ने उपभोक्ता आयोग से मानसिक क्षतिपूर्ति राशि 25 हजार, वाद व्यय अधिवक्ता शुल्क 15 हजार, सोलर पैनल 3 किलोवाट की सब्सिडी दिलाने की मांग की। कंपनी ने जारी सूचना पत्र लेने से इंकार किया। विरोधी पक्षकार की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ। जवाब कथन, शपथपत्र, दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।

जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष गोपालरंजन पाणीग्रही, सदस्य रुपा शर्मा एवं अरविंद सिंह परिहार की बेंच ने फैसला दिया है जिसमें 45 दिवस के भीतर परिवादी के मकान में कुल 3 किलोवाट की शेष 0.275 किलोवाट का पैनल लगाया जाए।

45 दिन के भीतर शेष सोलर पैनल नहीं लगाने पर अनुपातिक राशि सहित परिवादी की राशि प्राप्ति दिनांक से भुगतान दिनांक तक 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से राशि अदा करें। मानसिक पीड़ा के लिए 45 दिन के भीतर 15 हजार रुपए तथा वाद व्यय के रुप में 5 हजार रुपए पृथक से अदा करने को कहा है।

# मृतक का शव कर रहा परिजनों का इंतजार

- बाजार कुर्रीडीह हत्याकांड : 36 घंटे बाद भी मंदसौर से नहीं पहुंचे मृतक के परिजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



बाजार कुर्रीडीह में हुई युवक की हत्या के बाद उसके शव को ले जाने के लिए परिजन अब तक धमतरी नहीं पहुंचे हैं। पुलिस शव को सौंपने परिजनों का इंतजार कर रही है।

उल्लेखनीय है कि केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बाजार कुर्रीडीह में बुधवार को शंकर सूर्यवंशी मंदसौर मप्र निवासी अपनी प्रेमिका के घर आया था। रात्रि में खाना खाने के बाद महिला, उसके पति योगेंद्र सोरी व शंकर सूर्यवंशी एक हाल में अलग -अलग खाट पर सो रहे थे।

इसी दौरान रात्रि 3 बजे के लगभग महिला के पति योगेंद्र सोरी ने हाल में सो रहे पत्नी के प्रेमी शंकर गले में धारदार कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। यह देख महिला संजीवनी 108 को बुलाकर रात्रि में ही घायल शंकर को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची जहां शंकर की मौत हो गई।

सूचना पर केरेगांव पुलिस घटनास्थल पहुंची। उसके बाद पुलिस ने जिला अस्पताल आकर महिला का कथन लेकर पंचनामा की कार्रवाई की। शव का पोस्टमार्टम कराकर सुरक्षित रख दिया। घटना के बाद पुलिस मृतक के परिजनों से संपर्क कर घटना की जानकारी दी।

वहीं महिला की शिकायत पर केरेगांव थाना में पति योगेंद्र सोरी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। शव का पोस्टमार्टम होने के बाद से पुलिस गुरुवार से ही उसके बड़े भाई व परिजनों से संपर्क कर रही है। पुलिस परिजनों को शव ले जाने धमतरी बुला रही है, लेकिन परिजन शव ले जाने के लिए धमतरी तक आने में असमर्थता जाहिर कर रहे हैं। शुक्रवार को भी मृतक के बड़े भाई से बात हुई। बड़े भाई ने शव को मंदसौर भेजने के लिए कहा।

वहीं शव का धमतरी में अंतिम संस्कार कर देने की बात भी कहीं। ऐसी स्थिति में पुलिस के लिए शव के अंतिम संस्कार के लिए निर्णय ले पाना मुश्किल हो रहा है। शुक्रवार को दूर का कोई रिश्तेदार शव को ले जाने तैयार हुआ। पुलिस मृतक के परिजनों के पहुंचने का इंतजार कर रही है। संभावना जताई जा रही है कि परिजन अपनी मौजूदगी में धमतरी में ही मृतक का अंतिम संस्कार कर मंदसौर लौट जाएंगे।

# छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना का कार्यकारिणी विस्तार 15 को

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना द्वारा सिहावा अंचल में संगठन के विस्तार को लेकर 15 जुलाई शीतला माता मंदिर प्रांगण सिहावा में कार्यकारिणी विस्तार एवं सघन सदस्यता अभियान की रणनीति तैयार की जाएगी। तैयारी को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता चन्द्र कुमार मरकाम एवं पूनम प्रजापति के नेतृत्व में क्षेत्रभर में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है।

इस अवसर पर चन्द्रकुमार मरकाम ने कहा कि वर्षों से क्षेत्र की जनता विकास के नाम पर केवल आश्वासन ही सुनती आई है। राष्ट्रीय दलों की उपेक्षा के कारण आज भी ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए एक मजबूत क्षेत्रीय राजनीतिक विकल्प की आवश्यकता है। संगठन ने स्पष्ट किया कि सड़क, शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, पेयजल और जनहित से जुड़े अन्य मूलभूत मुद्दों को लेकर व्यापक जनजागरण किया गया। बैठक में नई कार्यकारिणी के गठन, सदस्यता अभियान की रूपरेखा और आगामी जनआंदोलनों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

## अंचल की खबरें

### शीतला माता की हुई प्राण-प्रतिष्ठा





**धमतरी।** रुद्री के शीतला माता मंदिर में धूमधाम से माताजी की नई मूर्ति स्थापित की गई। ग्राम बैगा की अनुगाई में डांग डोली एवं माताओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा रूद्रेश्वर मंदिर होते हुए शीतला माता मंदिर पहुंची। विदवान पंडितों द्वारा माताजी की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर ग्राम विकास समिति के सदस्य, ग्रामवासी एवं कालोनीवासी मौजूद थे। यह जानकारी केशव, सुरेन्द्र, गिरधर साहू ने दी।

### सेजेस बठेना में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति गठित



**धमतरी।** पीएम श्री एमआरडी शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बठेना में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष श्रीमती रेवती सिन्हा, उपाध्यक्ष लक्ष्मण गौतम, स्थानीय प्राधिकरण के सदस्य श्यामलाल नेताम पार्षद बठेना वार्ड, श्रीमती भारती साहू पार्षद सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड, लता यादव ,तीजन सोनकर, मानसी साहू, सुधा मारकण्डेय, खेमिन वर्मा, हेमलता सोनवानी, हरजीत रामटेके, हेमलता साहू, धर्मेन्द्र कुमार सिन्हा, पूषण लाल, घनाराम साहू, विनय मंडल, जितेंद्र कुमार साहू, अंगेश्वर सिन्हा, गजेन्द्र कुमार साहू, तुलेश्वर कुंभकार, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सचिव संस्था प्राचार्य रविन्द्र कुमार साहू एवं व्याख्याता लीना जेठवा, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति प्रभारी संतोष कुमार चौधरी सहायक शिक्षक को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।

### नायब तहसीलदार को दी गई विदाई



**भखारा।** नगर पंचायत भखारा के तहसील ऑफिस में पदस्थ रहे विनोद बंजारे नायब तहसीलदार अधिकारी का डीएसपी में चयन होने के बाद तहसील भखारा परिवार द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। कार्यक्रम में तहसीलदार भूपेश चंद्राकर, नायब तहसीलदार रामकुमार सिन्हा, कार्यालयीन स्टाफ वेद ध्रुव, त्रिलोक यादव, जाफर खान, पटवारी, कोटवार शामिलित हुए।

### मातृ एवं शिशु की स्वास्थ्य सुरक्षा समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी



**धमतरी।** ग्राम अरौद (ली) के आंगनबाड़ी केंद्र 1 में आयोजित गोदभराई कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने गर्भवती माताओं की पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार गोदभराई की रस्म संपन्न कर उन्हें फल, पौष्टिक आहार दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु की स्वास्थ्य सुरक्षा समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को बेहतर पोषण, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं नियमित जांच उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि वे गांव-गांव में मातृ एवं बाल स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने महिलाओं से संतुलित आहार लेने, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने तथा बच्चों के उचित पोषण एवं टीकाकरण पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता युगलकिशोरी निषाद, सहायिका, मितानिन पार्वती सिन्हा, ग्राम की गर्भवती माताएं नीलम यादव, पूर्णिमा निर्मलकर एवं सरोज यादव, शांति बाई उपस्थित रहीं।

### प्रांतीय झेरिया सेन समाज की बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य पर जोर





**धमतरी।** प्रदेश झेरिया सेन समाज की प्रांतीय बैठक चंदापारी सेन समाज भवन धमतरी में हुई। समाजजनों द्वारा संत शिरोमणि नंदा सेन महाराज की पूजा-अर्चना की गई। यह बैठक प्रदेश झेरिया सेन समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सेन के नेतृत्व में हुई। झेरिया प्रांतीय सचिव प्रद्युमन श्रीवास ने बताया कि बैठक का मुख्य एजेंडा शिक्षा, स्वास्थ्य व नशामुक्त समाज की स्थापना था। गरियाबंद, रायपुर, राजिम, कांकेर, दुर्ग, अभनपुर सहित कई जिलों से अध्यक्ष व उनके प्रतिनिधि मण्डल ने भी अपने विचार रखे। झेरिया प्रांतीय अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सेन ने समाज की मजबूती पर जोर दिया। इस दौरान कुछ समस्याओं का निराकरण किया गया। जोगी मठ का निर्माण प्रांतीय स्तर पर किया जायेगा। मुख्य पदाधिकारी भुवनलाल कौशिक, राधेश्याम सेन, टकेश सेन, डॉ. सुमन दौलत सेन, प्रद्युमन श्रीवास, कल्याणी कौशिक, उषा कौशिक ने कहा कि एक आदर्श समाज की स्थापना करना, मिल-जुलकर रहना, सबके सुख-दुख को अपना समझना और समाज में सबकी सहभागिता और अच्छे समाज का निर्माण करना कार्यक्रम का उद्देश्य है। इस दौरान रूखम सेन, उषा कौशिक का सम्मान हुआ। मौके पर हेमंत सेन, जनार्दन सेन, भूपेन्द्र सेन, योगेश्वर सेन, मनोज सेन, नारायण सेन, बसंत कौशिक, हितेश सेन, जवाहर, राजेश, अमृत, ईश्वर सेन, कालू सेन, कीर्ति सिंग समेत अन्य उपस्थित थे। ईश्वर सेन व मदन कौशिक ने आभार व्यक्त किया।

# एकांतवास में महाप्रभु का विशेष उपचार शुरू, आज से औषधीय काढ़ा अर्पित

- रथयात्रा से पहले मंदिर में रंग-रोगन और महाप्रसाद वितरण की तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



श्री जगदीश मंदिर में विराजमान भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा इन दिनों अनासर परंपरा के तहत एकांतवास में हैं। महास्नान अनुष्ठान के बाद धार्मिक मान्यता के अनुसार महाप्रभु को ज्वर होने की परंपरा निभाई जाती है, जिसके चलते उनके प्रत्यक्ष दर्शन फिलहाल श्रद्धालुओं के लिए बंद हैं। मंदिर में महाप्रभु के स्वास्थ्य लाभ के लिए विशेष धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं।

मंदिर के पुजारी बालकृष्ण शर्मा ने बताया कि 11 से 14 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 7:30 बजे भगवान को 20 प्रकार के औषधीय द्रव्यों से तैयार विशेष काढ़ा अर्पित किया जाएगा। यह परंपरा भगवान के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ का प्रतीक मानी जाती है और जगन्नाथ संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

इधर महाप्रभु के एकांतवास के दौरान मंदिर के गर्भगृह में रंग-रोगन और साफ-सफाई का कार्य भी किया जा रहा है। रथयात्रा से पहले गर्भगृह को आकर्षक स्वरूप देने के लिए व्यापक तैयारियां चल रही हैं, ताकि भगवान के पुनः दर्शन के समय मंदिर पूरी तरह सुसज्जित दिखाई दे।

रथयात्रा महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में भी तैयारियां तेज हो गई हैं। श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद के रूप में लगभग 10 क्विंटल गजामूंग वितरित करने की योजना बनाई गई है। इसके लिए सेवादार आवश्यक सामग्री की सफाई और प्रसाद तैयार करने की व्यवस्था में जुटे हुए हैं।



## खबर संक्षेप

### छग युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव पद के लिए ऋषभ ने की दावेदारी



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस में आगामी संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इसी क्रम में धमतरी जिले के आमदी के सक्रिय युवा नेता एवं नगर पंचायत आमदी के नेता प्रतिपक्ष ऋषभ ठाकुर ने छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव पद के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। वर्तमान में युवा कांग्रेस के जिला महासचिव के रूप में कार्यरत ऋषभ ठाकुर ने अपने संगठनात्मक और जनप्रतिनिधि अनुभव के आधार पर प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी निभाने की इच्छा जताई है। उन्होंने 2017-18 में एनएसयूआई नगर अध्यक्ष (आमदी) के रूप में राजनीतिक सफर शुरू किया, इसके बाद जिला सचिव और वर्ष 2022-23 में 2390 मतों से निर्वाचित होकर जिला महासचिव बने। वे वार्ड क्रमांक 15 से पार्षद तथा नगर पंचायत आमदी में नेता प्रतिपक्ष हैं। साथ ही आदिवासी ध्रुव गोंड समाज (युवा विंग) धमतरी के जिला संगठन मंत्री के रूप में भी सक्रिय हैं। ऋषभ ठाकुर ने कहा कि युवाओं को संगठित कर कांग्रेस की विचारधारा को प्रदेशभर में मजबूत करना उनका प्रमुख लक्ष्य है।

### तीरंदाजी चयन स्पर्धा में कुरूद ब्लाक के खिलाड़ी शामिल हुए

**बगदेही(धमतरी)।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय एवं जिला स्तरीय तीरंदाजी चयन प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में किया गया। प्रतियोगिता में कुरूद विकासखण्ड के खिलाड़ी शामिल हुए। इस आयोजन में निषाद व्यायाम शिक्षक पचपेड़ी, तेजेश्वर टंडन व्यायाम शिक्षक कोर्रा, मनोज साहू व्यायाम शिक्षक करगा, दुर्वाशा ठाकुर व्यायाम शिक्षक गातापार, गुलशन साहू व्यायाम शिक्षक रामपुर, टिकेंद्र साहू व्यायाम शिक्षक सेमरा बी, महेश नागराज व्यायाम शिक्षक डाही, प्रभाकर साहू व्यायाम शिक्षक चरमुड़िया का योगदान रहा।

### खिलाड़ियों को खेल प्रमाण-पत्र वितरित

**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में विगत वर्ष 2025- 26 के प्रतिभावान खिलाड़ियों को खेल प्रमाण- पत्र एवं योग दिवस प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। जिलास्तरीय, संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। खो -खो बालिका में टुकेश्वरी कक्षा नवमी, बालक वर्ग में भेमानंद, एथलेटिक्स बालक वर्ग में छत्रपाल को संस्था प्रमुख प्राचार्य एमआर मनहर द्वारा खेल प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता आरके बघेल, आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू, डीके साहू, एस अग्रवाल, जे ध्रुव, एस साहू, एल सोन, एम ठाकुर सतेत छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

# डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : नीलेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम धमतरी के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के अंतर्गत आज स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की 171 महिलाओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के अध्यक्ष नीलेश लूनिया ने की।

बैठक में श्री लूनिया ने सभी महिलाओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड के हर घर से नियमित रूप से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण किया जाए तथा एक भी घर कचरा संग्रहण से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने में एसबीएम की महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने सभी महिलाओं को कचरे का अनिवार्य रूप से सेग्रीगेशन (गीला एवं सूखा कचरा पृथक्करण) करने के निर्देश दिए तथा कहा कि प्लास्टिक, झिल्ली एवं डिस्पोजल जैसी सामग्री का उचित पृथक्करण कर निर्धारित स्थान पर ही भेजा जाए। उन्होंने बताया कि नालियों में इस प्रकार का कचरा फेंके जाने से जल निकासी बाधित होती है, जिससे बरसात के दिनों में जलभराव और अन्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

श्री लूनिया ने सभी कर्मचारियों एवं एसबीएम की महिलाओं से पूरी जिम्मेदारी, अनुशासन और ईमानदारी के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ धमतरी के निर्माण में सभी की सहभागिता आवश्यक है।

स्वच्छ भारत मिशन की बैठक मे पीडब्ल्यूडी सभापति विजय मोटवानी ने कहा कि शहर का कोई भी घर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण से नहीं छूटना चाहिए। प्रत्येक घर से नियमित कचरा संग्रहण सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वार्डों के प्रमुख चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर फॉगिंग मशीन का उपयोग भी होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रत्येक सेंटर स्तर पर नियमित जन-जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को स्वच्छता, कचरा पृथक्करण एवं स्वच्छ भारत मिशन के प्रति जागरूक किया जाना आवश्यक है। जल विभाग के सभापति अखिलेश सोनकर ने कहा कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रत्येक घर से सुनिश्चित किया जाना चाहिए। जो लोग घर का कचरा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों या नालियों में फेंकते हैं, उन्हें पहले समझाइश देकर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था से जोड़ा जाए। इसके बाद भी यदि कोई व्यक्ति नियमों का पालन नहीं करता है और खुले में कचरा फेंकता है, तो उसके विरुद्ध नगर निगम के प्रावधानों के अनुसार नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। उक्त बैठक हेमंत बंजारे, कुलेश सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी कमलेश ठाकुर, शशांक मिश्रा, तरुण गजेंद्र, श्यामू सोना, धनेश सिन्हा, चंदू साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**एसबीएम की महिलाओं की बैठक संपन्न**



## निजी दुकानों से अधिक दाम पर उर्वरक खरीदने के लिए मजबूर

# खरीफ सीजन में खाद की कमी से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ जिले के किसान खेती-किसानी के कार्यों में जुट गए हैं, लेकिन खाद और उर्वरकों की कमी ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं होने से किसानों को निजी दुकानों से अधिक दाम पर उर्वरक खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

किसानों का कहना है कि सरकारी सोसाइटियों में यूरिया और डीएपी की सीमित उपलब्धता के कारण खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। उनका आरोप है कि जहां समितियों में खाद की कमी बताई जा रही है, वहीं निजी दुकानों में वही उर्वरक आसानी से उपलब्ध हैं। इससे कालाबाजारी की आशंका भी जताई जा रही है।

किसानों ने बताया कि शासन द्वारा सहकारी समितियों में यूरिया की एक बोरी 266.50 रुपये में उपलब्ध कराई जाती है, जबकि निजी दुकानों में यही यूरिया 600 से 800 रुपये प्रति बोरी तक बेचा जा रहा है। इसी तरह डीएपी की कीमत भी बढ़कर 2600 से 3000 रुपये प्रति बोरी तक पहुंच गई है। किसानों का आरोप है कि कुछ व्यापारी खाद का भंडारण कर कृत्रिम कमी पैदा कर रहे हैं और बाद में ऊंचे दामों पर बिक्री कर रहे हैं।



**नैनो लिक्विड डीएपी पूर्ण विकल्प नहीं**

किसानों के अनुसार इस वर्ष सोसाइटियों में प्रति एकड़ केवल एक बोरी यूरिया, एक बोरी राखड़ और नैनो लिक्विड डीएपी दिया जा रहा है। तीन एकड़ तक खेती करने वाले किसानों को दो-दो बोरी यूरिया और राखड़ उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों का कहना है कि नैनो लिक्विड डीएपी पारंपरिक ठोस डीएपी का पूर्ण विकल्प नहीं है। बेहतर उत्पादन के लिए ठोस डीएपी की आवश्यकता होती है, लेकिन इसकी उपलब्धता बेहद कम है।

**कालाबाजारी पर लगे रोक**

किसान नारायण साहू, भूषण ध्रुव, पंचराम नेताम, शत्रुघ्न साहू, भारत नेताम, मन्नू नेताम, अशोक निषाद आदि ने कहा कि यदि सरकार किसानों की जरूरत के अनुरूप सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में डीएपी और अन्य उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करे, तो कालाबाजारी पर रोक लग सकती है। किसान लोमस नेताम ने कहा कि हर वर्ष खरीफ सीजन में किसानों को महंगे दामों पर खाद खरीदने की मजबूरी झेलनी पड़ती है। उन्होंने मांग की कि सीजन शुरू होने से पहले ही मांग के अनुरूप खाद का भंडारण किया जाए और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# राज्य स्तरीय चयन कुश्ती में धमतरी के हर्ष चंद्रवंशी ने जीता स्वर्ण

- राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ अंडर-23 बालक एवं बालिका राज्य स्तरीय चयन कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 28 जून को बीएसपी अखाड़ा, सेक्टर-3 भिलाई में किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ भगवान हनुमान के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के महासचिव प्रशांत राय सहित भूपेन्द्र यादव, श्रवण यादव, विकास, नुमेश यादव, सागर धीवर, संतोषी चंद्राकर, गोपाल यादव तथा विभिन्न जिलों से आए उस्ताद एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में रायपुर, धमतरी, बिलासपुर, रायगढ़, दुर्ग, भिलाई और कांकेर सहित विभिन्न जिलों के लगभग 40 खिलाड़ियों ने भाग लिया। फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला फ्री स्टाइल की विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया।



धमतरी के जय बजरंग अखाड़ा, गोकुलपुर के पहलवान हर्ष चंद्रवंशी ने ग्रीको रोमन 67 किलोग्राम भार वर्ग में रायपुर के खिलाड़ी को पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस शानदार प्रदर्शन के साथ उन्होंने 10 से 12 जुलाई 2026 तक एमडीयू, रोहतक (हरियाणा) में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच नुमेश यादव भी उपस्थित रहे। वे छत्तीसगढ़ राज्य टीम के साथ राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रोहतक रवाना होंगे।

हर्ष चंद्रवंशी की इस उपलब्धि पर जय बजरंग अखाड़ा, गोकुलपुर के उस्ताद भगवान सिंह यादव, राजकुमार, अंकालू, कृष्ण साहू, मेघराज यदु, रामकुमार साहू, हरीश, लोकेश नेताम, लल्ला यदु, वरिष्ठ खेल शिक्षक ए.आर. थिटे, कोच विजय कुमार यादव तथा अखाड़े के सभी खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

## आईएफएस अधिकारी ने किया वीडीवीके केंद्र दुगली का निरीक्षण



- आजीविका संवर्धन पर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

वन विभाग के भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत 8 जुलाई को आईएफएस अधिकारी लक्ष्मीकांत कुंभार ने वीडीवीके (वनधन विकास केंद्र) दुगली का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में संचालित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन कर समूह के सदस्यों एवं हितग्राहियों से चर्चा की तथा केंद्र की प्रगति, उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजना की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान पीपीए मेडिसिनल प्लांट का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर औषधीय पौधों के संरक्षण, संवर्धन एवं उनके व्यावसायिक उपयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही केंद्र में संचालित प्रसंस्करण कार्यों एवं विभिन्न उत्पादों का भी निरीक्षण किया गया।

आईएफएस अधिकारी लक्ष्मीकांत कुंभार ने वीडीवीके केंद्र के कार्यों की सराहना करते हुए समूहों को आजीविका संवर्धन, उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, मूल्य संवर्धन तथा विपणन गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि वन धन विकास केंद्रों के माध्यम से स्थानीय वन उत्पादों का बेहतर उपयोग कर ग्रामीणों की आय में वृद्धि की जा सकती है।

इस अवसर पर उपप्रबंध संचालक जिला यूनियन धमतरी सूर्यप्रकाश ध्रुव, सीनियर एग्जीक्यूटिव गुड्डू दुफारे, डिप्टी रेंजर सिल्वर कुमार सौम, वन धन मैनेजर संजय साहू सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## नगर निगम के अनुपस्थित सात कर्मचारियों को नोटिस



- प्रभारी आयुक्त पीसी सार्वा ने निगम कार्यालय किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर पालिक निगम के प्रभारी आयुक्त पीसी सार्वा ने निगम कार्यालय के विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं एवं कर्मचारियों की उपस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी शाखाओं में पहुंचकर कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यालयीन कार्यों की प्रगति तथा आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान सात कर्मचारी अपने विभागों में अनुपस्थित पाए गए। इसे गंभीरता से लेते हुए प्रभारी आयुक्त श्री सार्वा ने संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना पूर्व सूचना अथवा स्वीकृत अवकाश के कार्यालय से अनुपस्थित रहना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है और ऐसे मामलों में कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी आयुक्त ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी कर्मचारी समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर पूरी जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। निगम कार्यालय में आने वाले नागरिकों के कार्यों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## चंद्राकर समाज ने दी स्व. यशोदा को श्रद्धांजलि

**धमतरी।** ग्राम छाती में शुक्रवार को चंद्राकर समाज की बैठक आयोजित की गई। समाज की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय श्रीमती यशोदा चंद्राकर के निधन पर समाजजनों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्व. यशोदा चंद्राकर के समाज सेवा, संगठन को मजबूत बनाने तथा सामाजिक उत्थान के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों का स्मरण किया। समाजजनों ने कहा कि उनका योगदान सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। मौके पर होरीलाल चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, सुरेश चंद्राकर, शिव चंद्राकर, संतोष चंद्राकर, हेमंत चंद्राकर, ईश्वरी चंद्राकर, कौशल चंद्राकर, रमाकांत चंद्राकर, उमाकांत चंद्राकर तथा भुवनेश्वर चंद्राकर सहित अन्य समाजजन शामिल हुए। यह जानकारी कुरूद राज के सचिव श्यामशंकर चंद्राकर ने दी।

## धमतरी के दो मुक्केबाजों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन

- 12 से 15 जुलाई तक रायपुर में होगी स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर (समर कैंप) का सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगा है। 12 से 15 जुलाई तक रायपुर में आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए धमतरी जिले के दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

6 एवं 7 जुलाई को पंडरी रायपुर में आयोजित संभाग स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुजगहन के सत्यम साहू ने 66-70 किलोग्राम वजन वर्ग में अपने सभी मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत मैच जीतकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्थान बनाया। बालिका वर्ग में संजना यादव ने 60-63 किग्रा वजन वर्ग में लगातार



दूसरी बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया।

गत वर्ष संजना ने ईटा नगर अरुणाचल प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में छतीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया था। इस उपलब्धि पर डिप्टी कलेक्टर पीयूष तिवारी, डीईओ मधुलिका तिवारी, डीएसओ एस. देवदास, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एलडी.चौधरी, प्राचार्य श्रीमती बी. मैथ्यू, मोनिका गोस्वामी, एएसओ जेपी देव, बीएसओ खिलेन्द्र साहू, राजकुमार सिन्हा, विकास सिंह ठाकुर, इंद्र साहू,लोकेश साहू, दुर्गेश पटेल, लक्की साहू, आशीष गौतम, नम्रता साहू, खुशबू मंडावी ने हर्ष व्यक्त किया है।

# जयंत ने जिपं के नए सीईओ का पदभार संभाला

- अधिकारी-कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

वर्ष 2021 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी जयंत नाहटा ने जिला पंचायत के 26वें मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रुप में पदभार ग्रहण किया। जिला पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। पदभार ग्रहण करने के पश्चात श्री नाहटा ने जिला पंचायत कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक शाखा में जाकर वहां की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण, लंबित प्रकरणों एवं योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करते हुए समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि शासन की



जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय, अनुशासन और जवाबदेही के साथ कार्य करें। उन्होंने कार्यालयीन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संवेदनशील एवं उत्तरदायी कार्यशैली अपनाने के निर्देश दिए।

### विद्यार्थी कुश्ती की नई तकनीक सीख रहे

**बगदेही।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ संस्था प्रमुख प्राचार्य एमआर मनहर एवं व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू के मार्गदर्शन में हुआ। कुश्ती का प्रशिक्षण एनआईएस कोच विकास सिंह ठाकुर द्वारा दिया जा रहा है जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राए बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। वे कुश्ती की नई-नई तकनीक सीख रहे हैं। अंडर 14, अंडर 17, एवं अंडर 19 के लिए बच्चों को तैयार किया जा रहा हैं। प्रशिक्षार्थियों की कुल संख्या 30 है। इसमें व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू की भी अहम भूमिका है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

पथरी का शर्तिया उपचार
क्या आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है?
तो मिलिए वैद्य राकेश साहू जी से
बिना ऑपरेशन पथरी का आयुर्वेदिक दवाओं से संपूर्ण निदान दोबारा होने की संभावना नहीं, दोबारा होने पर निःशुल्क इलाज
हमारे यहां सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, बवासीर अंडकोष, चर्म रोग, सर्दी खांसी, बुखार एवं अन्य समस्याओं का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा सफल उपचार।
सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे
ज्योति जनरल स्टोर के पास, बंजारी (भाटापारा) कुरुद, जिला-धमतरी मो. 62686-80119

REGULAR CLASSES STARTING SOON!
PIONEER FOUNDATION OF HIGHER EDUCATION
B.Sc. IN YOGA
B.A. IN YOGA
P.G.D.Y.N. POST GRADUATE DIPLOMA IN YOGA & NATUROPATHY
OLD DAJI MARATHI SCHOOL MARATHAPARA, DHAMTARI (C.G.)
CONTACT US
+91: 8450022865, 9203563863, 9203622865, 9203722865 pioneerfound@email.com
ENROLL TODAY FOR A HEALTHY FUTURE!

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी इलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020